भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1114

03.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम

1114. श्री कृष्णपालसिंह यादव:
श्री राजबहादुर सिंह:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वैक्सीमन मैत्री कार्यक्रम को पुन: शुरू करने के बाद से कोविड-19 की कितनी डोज दूसरे देशों को भेजी गई हैं और ये किन-किन देशों को भेजी गई हैं;

(ख) अंतरराष्ट्रीय वैक्सीकन साझेदारी जैसे कोवैक्स के हिस्से के रूप में भारत की वैक्सीन की कितनी डोज विश्व स्तर पर वितरित किये जाने का प्रस्ताव/विचार है; और

(ग) कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) जनवरी 2021 में वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम की शुरुआत से, भारत ने 94 देशों और 2 संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को अनुदान, वाणिज्यिक निर्यात या कोवेक्सस के माध्यम से 723.435 लाख खुराक की आपूर्ति की है। घरेलू मांग को पहले पूरा करने के लिए वैक्सीन निर्यात को रोकने के बाद, पिछले कुछ हफ्तों में भारत ने नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, ईरान, पराग्वे और इंडोनेशिया सहित कई देशों को टीकों की आपूर्ति की है।

(ख) और (ग) टीकों के निर्यात की सटीक मात्रा घरेलू उत्पादन और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की आवश्यकताओं से निर्धारित की जाएगी।

सरकार ने कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के हिस्से के रूप में दवाओं, टीकों, पीपीई, परीक्षण किट और अन्य चिकित्सा और स्वास्थ्य उत्पादों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण परियोजनाओं, जीनोमिक निगरानी, टीकाकरण प्रमाणपत्रों की मान्यता आदि को साझा करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

***